मीरजापुर पुलिस

—प्रेस नोट—

दिनांकः12.05.2025

थाना चील्ह व एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा 02 अन्तर्जनपदीय अभियुक्त (लुटेरा/चैन स्नैचर) गिरफ्तार, कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस व घटना में प्रयुक्त राइडर मोटर साइकिल तथा आभूषण बरामद-

थाना चील्ह क्षेत्रांतर्गत टेढ़वा व गोबरहा में बाइक (राइडर) सवार अज्ञात 02 व्यक्तियों (बदमाशों) द्वारा चैन स्नैचिंग की घटना की गयी थी। उक्त घटनाओं के सम्बन्ध में त्वारित कार्यवाही करते हुए थाना चील्ह पर मु0अ0सं0 110/2025 धारा 134 बीएनएस व मु0अ0सं0 111/2025 धारा 134 बीएनएस पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी।

"सोमेन बर्मा" वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा महिला सुरक्षा के दृष्टिगत शासन के जीरो टॉलरेन्स की मंशा के अनुरूप अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में उक्त घटना से सम्बन्धित अभियुक्तों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी एवं प्रभावी कार्यवाही हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना चील्ह को निर्देश दिया गया।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना चील्ह, एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा जनपद में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से बड़ी सफलता हाथ लगी है। आज दिनांकः12.05.2025 को थाना चील्ह क्षेत्रांतर्गत वाहन चेकिंग के दौरान विवेचना में प्रकाश में आये अभियुक्तों प्रिंस तिवारी पुत्र सुनील तिवारी निवासी जगन्नाथपुर थाना गोपीगंज जनपद भदोही व पियूष पाण्डेय पुत्र कल्याण जी पाण्डेय निवासी भवानीपुर डेढ़वा थाना गोपीगंज जनपद भदोही को गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी में अभियुक्त पियुष पाण्डेय उपरोक्त के पास से 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय 01 अदद जिन्दा व 01 अदद खोखा कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त एक अदद राइटर मोटरसाइकिल (बिना नम्बर प्लेट) बरामद किया गया। अभियुक्त प्रिंस तिवारी उपरोक्त द्वारा गिरफ्तारी के उपरान्त पुलिस टीम को अतिरिक्त आभूषण की बरामदगी के विषय में बताया गया जिसपर पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त को साथ में लेकर उसके बताये गये स्थान पर पहुंचा गया। अतिरिक्त आभूषण की बरामदगी की सूचना गलत पायी गयी जहां पर पहले से ही अभियुक्त द्वारा असलहा छुपा कर रखा गया था और अचानक पुलिस टीम पर फायरिंग कर भागने का प्रयास किया गया। इस दौरान एक आरक्षी घायल हो गये तथा पुलिस टीम द्वारा की गयी जवाबी कार्यवाही में अभियुक्त प्रिंस तिवारी उपरोक्त के पैर में गोली लगी है। पुलिस अभिरक्षा में अभियुक्त को इलाज हेतु जिला अस्पताल भिजवाया गया है। पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार अभियुक्त प्रिंस तिवारी उपरोक्त के पास से घटना में प्रयुक्त 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय 01 अदद जिन्दा व 01 अदद खोखा कारतूस बरामद किया गया। उक्त

पुलिस मुठभेड़ व गिरफ्तारी/बरामदगी के सम्बन्ध में थाना चील्ह पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम पता पुलिस मुठभेड़ में घायल/गिरफ्तार अभियुक्त —

प्रिंस तिवारी पुत्र सुनील तिवारी निवासी जगन्नाथपुर थाना गोपीगंज जनपद भदोही, उम्र करीब-21 वर्ष

पियूष पाण्डेय पुत्र कल्याण जी पाण्डेय निवासी भवानीपुर डेढ़वा थाना गोपीगंज जनपद भदोही, उम्र करीब-25 वर्ष

विवरण बरामदगी —

1-पिली धातु के 02 लाकेट व 01 चैन

2-दोनों अभियुक्तों से 02 अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय 02 अदद जिन्दा व 01 अदद खोखा कारतूस

3-एक अदद राइडर मोटरसाइकिल (बिना नम्बर प्लेट) ।

घटना स्थल/गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक—

ग्राम सेमरा ट्युबेल खंडहर के पास, आज दिनांकः 12.05.2025 को।

आपराधिक इतिहास

अभियुक्त- प्रिंस तिवारी—

1. मु0अ0सं0 110/2025 धारा 134 बीएनएस थाना चील्ह जनपद मीरजापुर
2. मु0अ0सं0 111/2025 धारा 134 बीएनएस थाना चील्ह जनपद मीरजापुर
3. मु0अ0सं0 113/2025 धारा 109(1) बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना चील्ह मीरजापुर
4. मु0अ0सं0 54/2023 धारा 392, 411 भा0द0वि0 थाना जिगना जनपद मीरजापुर
5. मु0अ0सं0 55/2023 धारा 392, 411 भा0द0वि0 थाना विन्ध्यांचल जनपद मीरजापुर
6. मु0अ0सं0 92/2023 धारा 392, 411 भा0द0वि0 थाना औराई जनपद भदोही
7. मु0अ0सं0 84/2023 धारा 394, 411 भा0द0वि0 थाना सुरियांवा जनपद भदोही
8. मु0अ0सं0 86/2023 धारा 392, 411 भा0द0वि0 थाना सुरियांवा जनपद भदोही
9. मु0अ0सं0 89/2023 धारा 392, 411 भा0द0वि0 थाना सुरियांवा जनपद भदोही
10. मु0अ0सं0 92/2023 धारा 3/25 आमर्स एक्ट थाना सुरियांवा जनपद भदोही
11. मु0अ0सं0 160/2024 धारा 303(2), 317(2) बीएनएस थाना मडुवाडीह जनपद वाराणसी
12. मु0अ0सं0 139/2024 धारा 317(2) बीएऩएस थाना कीडगंज जनपद प्रयागराज
13. मु0अ0सं0 186/2023 धारा 392, 411 भा0द0वि0 थाना झूसी जनपद प्रयागराज

अभियुक्त- पियूष पाण्डेय—

1- मु0अ0सं0-79/2019 धारा 147, 323, 427, 504, 506 भा0द0वि0 व 3(1)(घ), 3(1)(द) एससी/एसटी एक्ट थाना गोपीगंज जनपद भदोही

2- मु0अ0सं0-34/2021 धारा 323, 504, 506 भा0द0वि0 थाना ऊंज जनपद भदोही

3- मु0अ0सं0 110/2025 धारा 134 बीएनएस थाना चील्ह जनपद मीरजापुर

4- मु0अ0सं0 111/2025 धारा 134 बीएनएस थाना चील्ह जनपद मीरजापुर

5- मु0अ0सं0 112/2025 धारा 3/25 आर्मस एक्ट थाना चील्ह जनपद मीरजापुर

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम —

प्रभारी निरीक्षक थाना चील्ह-विजय शंकर सिंह मय पुलिस टीम।

निरीक्षक राजीव कुमार सिंह प्रभारी एसओजी मय पुलिस टीम।

उप निरीक्षक मानवेन्द्र सिंह प्रभारी सर्विलांस मय पुलिस टीम।